₹ 10

www.kewalsachtimes.com

सितम्बर 2024

KEWAL SACH TIMES

A National Magazine

RNI NO.-BIIBIL/2011/49252, DAVP NO.-131729, POSTAL REG. NO.:-PS.-78

जानवरों की चर्बी को लेकर

सियासी घमासान



जन-जन की आवाज है केवल सच

केवल सच
हिन्दी मासिक पत्रिका

Kewalachlive.in
वेब पोर्टल न्यूज
24 घंटे आपके साथ

Kewalsach news
Kewalsach news
Mob.: 9431073769, 9308815605
खबर वहीं, जो केवल सच हो

केवल सच TIMES

आत्म-निर्भर बनने वाले युवाओं को सपोर्ट करें

आपका छोटा सहयोग, हमें मजबूती प्रदान करेगा

BHIM UPI
G Pay Paytm

www.kewalsach.com

www.kewalsachlive.in

-: सम्पर्क करें :-

पूर्वी अशोक नगर, रोड नं.-14, मकान संख्या-28/14,

कंकड़बाग, पटना (बिहार)-800020, मो०:-9431073769, 9308815605

जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएँ

विवेक ओबेरॉय
03 सितम्बर 1976



शक्ति कपूर
03 सितम्बर 1952

ऋषि कपूर
04 सितम्बर 1952

यशवंत सिन्हा
06 सितम्बर 1937

आशा भोसले
08 सितम्बर 1933

अक्षय कुमार
09 सितम्बर 1967

रामजेठ मलानी
10 सितम्बर 1923

महिमा चौधरी
13 सितम्बर 1973



सुब्रमण्यम स्वामी
15 सितम्बर 1939



भूपिंदर सिंह हुड्डा
15 सितम्बर 1947

पी. चिदम्बरम
16 सितम्बर 1945

नरेन्द्र मोदी
17 सितम्बर 1950

महेश भट्ट
20 सितम्बर 1948

करीना कपूर
21 सितम्बर 1980

प्रेम चोपड़ा
23 सितम्बर 1935

कुमार सानू
23 सितम्बर 1957

मनमोहन सिंह
26 सितम्बर 1932



यश चोपड़ा
27 सितम्बर 1932

लता मंगेसकर
28 सितम्बर 1929



रणवीर कपूर
28 सितम्बर 1982

KEWAL SACH TIMES

A National Magazine

Regd. Office :-
East Ashok, Nagar, House No.-28/14, Road No.-14, kankarbagh, Patna- 8000 20 (Bihar) Mob.-09431073769,
E-mail :- kewalsach@gmail.com

Corporate Office:-
Vaishnavi Enclave, Second Floor, Flat No. 2B, Near-firing range, Bariatu Road, Ranchi- 834001
E-mail :- editor.kstimes@rediffmail.com

Delhi Office :-
Sanjay Kumar Sinha
A-68, 1st Floor, Nageshwar talla, Shastri Nagar, New Delhi-110052
Mob.- 09868700991, 09955077308
kewalsach_times@rediffmail.com

Kolkata Office :-
Ajeet Kumar Dube, 131 Chitranjan Avenue, Near- md. Ali Park, Kolkata- 700073 (West Bengal)
Mob.- 09433567880, 09339740757

ADVERTISEMENT RATES PER ISSUE

	AREA	FULL PAGE	HALF PAGE
COLOUR	Cover Page	3,00,000/-	N/A
	Back Page	1,00,000/-	65,000/-
	Back Inside	90,000/-	50,000/-
	Back Inner	80,000/-	50,000/-
	Middle	1,40,000/-	N/A
	Front Inside	90,000/-	50,000/-
	Front Inner	80,000/-	50,000/-

	AREA	FULL PAGE	HALF PAGE
B & W	Inner Page	60,000/-	40,000/-

1. एक साल के नियमित विज्ञापन पर पत्रिका के वेवसाइट **www.kewalsachtimes.com** के फ्रंट पर भी विज्ञापन निःशुल्क तथा आपका वेवसाइट से सीधा लिंक हो सकता है।
2. एक साल के नियमित विज्ञापन पर 10 प्रतिशत की रियायत।
3. आपके प्रोडक्ट या संगठन के प्रचार-प्रसार हेतु आलेख को उचित स्थान।
4. पत्रिका द्वारा सामाजिक कार्य में आपके संगठन/प्रोडक्ट का बैनर/फ्लैक्स को उचित स्थान देकर आपके संगठन का व्यापक प्रचार-प्रसार।
5. विज्ञापन का भुगतान चेक या आर.टी.जी.एस. से ही मान्य होगा।

महाप्रबंधक (विज्ञापन)

पुलिस - प्रशासन मिलकर करते हैं

डिस्को

अपनी प्रतिक्रिया हमारे ई-मेल पर दें:- editor.kstimes@rediffmail.com

प्रकृति की गोद में खनीज संपदाओं से लवरेज झारखंड प्रदेश को आजादी के बाद से ही जिसको जब अवसर मिला जमकर लूटा गया है। झारखंड काले हीरे का प्रदेश कहा जाता है और काले हीरे का कारोबार करने वाले सफेदपोश लोग होते हैं जिनके दामन पर दाग नहीं लगता इसके लिए इनको सिर्फ डिस्को करना पड़ता है। दामोदर नहीं के उद्गम से समाप्ति तक कोयला का भंडार है और इस भंडार के रक्षक ही जब इसको लूटने वाले से मिलकर डिस्को करने लगे तो फिर इस संपदा को कौन बचायेगा? इस डिस्को के खेल में राज्य एवं केन्द्र सरकार के बड़े-बडे आका भी शामिल रहे और कोलगेट घोटाले ने कांग्रेस की साख को गिरा दिया लेकिन BJP की सरकार में भी डिस्को का खेल जारी रहा है। डिस्को का मतलब किसी फिल्म का डांस के विषय में नहीं लिखा जा रहा है बल्कि कोयला चोरी की तकरीब का दूसरा नाम डिस्को है। डिस्को के खेल में सिर्फ माफिया ही नहीं बल्कि पुलिस-प्रशासन, सांसद-विधायक भी इसमें शामिल रहते हैं और इसकी पुष्टि करनी है तो आय से अधिक संपत्ति का मामला दर्ज करके डिस्को क्षेत्र में कार्य कर चुके लोगों की जांच करा दी जाये तो मामला आईने की तरह दिखने लगेगा। डिस्को झारखंड की सबसे बड़ी समस्या है लेकिन डिस्को को करना सब यही चाहते हैं।



कोयला की कालाबाजारी का दूसरा नाम है **डिस्को**। अब आप यह सोच रहे हैं कि डिस्को तो किसी फिल्म का हिस्सा होगा लेकिन देश के भीतर झारखंड हो या फिर अन्य कोई प्रदेश वहाँ पर कोयले की बड़े स्तर पर चोरी होती है और अकेले झारखंड में प्रतिदिन लगभग एक लाख टन से अधिक कोयला की चोरी डिस्को के द्वारा होता है और अब यह डिस्को क्या है, उसको समझना पड़ेगा की किस प्रकार इस **डिस्को** के खेल में सरकार, विपक्ष के साथ-साथ पुलिस-प्रशासन भी शामिल होते हैं और सरकारी राजस्व पर कैसे सबके मिलीभगत से डाका डाला जाता है और पकड़े जाने पर गरीब हैं कहकर राजनीति की जाती है। आप कोयला के क्षेत्र में जायेंगे तो आपने देखा होगा कि सायकिल पर 10-10 बोरी कोयला लेकर खाद्दान से दूसरे स्थल पर डंप किया जाता है और उसको ट्रक पर 20 टन - 30 टन लोड करके पुलिस-प्रशासन से सांठ-गांठ करके अन्य राज्यों में बेच दिया जाता है और वह चोरी का कोयला सड़क पर आते-आते एक नम्बर का कोयला बन जाता है, (पेपर बनकर तैयार हो जाता है) इसी खेल को हीं **डिस्को** कहते हैं। छोटे व्यापारी की बात तो दूर रूंगटा ब्रदर्स पर जिले के कई थानों में अवैध कोयले के धंधे को लेकर कई मामले दर्ज हैं। कोयले का अवैध धंधा जब जोरो पर होता है तो केन्द्र एवं राज्य सरकार कभी कभार उपर से काफी प्रेशर देती है और इसपर काबू पाने का दावा करती है लेकिन सच सभी जानते हैं कि इस पूरे खेल में सब चोर-चोर मसौरे भाई साबित होते हैं। बदनाम होने की स्थिति में पुलिस के द्वारा मामला दर्ज कर लिया जाता है लेकिन अवैध कमाई का बड़ा हिस्सा पुलिस के हिस्से में भी पहुंचती है जिसकी वजह स मामले पर गंभीरता से कार्रवाई नहीं होती क्योंकि माफिया सफेदपोश लोगों का नाम भी सार्वजनिक कर सकते हैं। फैक्ट्रियों के नाम पर कोल लिंकेज के जरिए भी अच्छी खासी कमाई की जाती है और फैक कंपनी के नाम पर कोयले का आवंटन का खेल कई दशकों से जारी है। पहले अंग्रेजों ने लूटा और आजाद भारत में सरकार एवं माफिया भी इस खेल में किसी से पीछे नहीं हैं। अवैध तरीके से कोयले का उत्खनन कर साइकिल, ट्रैक्टर, ट्रक, डंपर से फैक्ट्रियों में गिरवाने लगे। अधिक भंडारण के बाद जितना कोयला फैक्ट्री के प्रयोग में आया, उसके बाद कोयले को बाहर मंडियों में बेचा जाने लगा। भारी मुनाफा शुरू हुआ, देखते ही देखते पांच से दस साल के अंतराल में करोड़ों की संपत्ति के मालिक माफिया बनते जा रहे हैं। इसका बड़ा सिंडिकेट हैं और पूरा मामला केन्द्र एवं राज्य की सरकार के साथ-साथ पुलिस प्रशासन के सज्ञान में है और सबको बराबर का हिस्सा पहुंचता है इस वजह से कभी भी ठोस कार्रवाई नहीं होती और कभी कभार भ्रष्टाचार का भंडा फोड़ जनता के बीच लोकप्रियता के लिए कार्रवाई की जाती है जिसको बाद में मैनेज कर लिया जाता है। विधायक एवं सांसद सहित पुलिस - प्रशासन और माफियाओं के साथ मिलकर डिस्को पेपर बनाकर तस्करी का खेल निरंतर जारी है। फर्जी कागजात तैयार करके कोयला का काला खेल जय माँ दुर्गा, जय माँ काली, जय माँ लक्ष्मी का लेटर पैड का इस्तेमाल किया जाता है और कुछ न कुछ ऐसा सामग्री पासिंग के लिए किया जाता है जिसको दिखाकर पुलिस उस लाईन को क्लियर करता है। एक गाड़ी एक सीमा से दूसरी सीमा तक पहुंचाने का एक पैड की रकम तय होती है उसी को डिस्को कहा जाता है जिसको आमजनता नहीं समझ पाती। देश के भीतर वैसे तो उन सभी राज्यों के सांसद एवं विधायक जिस क्षेत्र में कोयला का भंडार है उसकी संपत्ति की जांच करा लिया जाये तो स्पष्ट हो जायेगा की वेतन एवं अन्य मद में मिलने वाली राशि से कई लाख गुणा राशि की यह मालिक कैसे बने है। डिस्को डांसर ठुमका लगाने के बाद भी वह राशि हासिल नहीं कर पाते जितना यह एक सीमा से दूसरी सीमा तक डिस्को पेपर बनाकर कमाते हैं। पूरा डिस्को इतनी चतुराई से होता है और इसके बाद भी किसी ने इस मामले को उजागर करने का प्रयास किया तो उनका भी राम नाम सत्य हो जाता है। डिस्को के असली मास्टर माईड पुलिस प्रशासन ही है और माफिया सिर्फ मोहरा.....

KEWAL SACH TIMES

A National Magazine

वर्षः- 14, अंकः- 159 माहः- सितम्बर 2024 रू. 10/-

Editor

Brajesh Mishra 9431073769
6206889040
8340360961

editor.kstimes@rediffmail.com
kewalsach@gmail.com
kewalsach_times@rediffmail.com

Principal Editor

Arun Kumar Banka 7782053204
Nilendu Kumar Jha 9431810505

General Manager (H.R)

Triloki Nath Prasad 9308815605

General Manager (Advertisement)

Manish Kamaliya 6202340243
Poonam Jaiswal 9430000482

Joint Editor/Lay-out Editor

Amit Kumar 9905244479
amit.kewalsach@gmail.com

Legal Editor

Amitabh Ranjan Mishra 8873004350
S. N. Giri 9308454485

Asst. Editor

Mithilesh Kumar 9934021022
Sashi Ranjan Singh 9431253179
Rajeev Kumar Shukla 7488290565
Kamod Kumar Kanchan 8971844318

Sub. Editor

Arbind Mishra 6204617413
Prasun Pusakar 9430826922
Brajesh Sahay 7488696914

Bureau Chief

Sanket kumar Jha 7762089203
Sagar Kumar 9155378519

Bureau

Sridhar Pandey 9852168763
Sonu Kumar 8002647553

Photographer

Mukesh Kumar 9304377779

प्रदेश प्रभारी

दिल्ली हेड

संजय कुमार सिन्हा 9868700991

झारखण्ड हेड

ब्रजेश मिश्र (2) 7979769647
7654122344

पश्चिम बंगाल हेड

अजीत दुबे 9433567880
9339740757

मध्यप्रदेश हेड

अभिषेक पाठक 8109932505
8269322711

छत्तीसगढ़ हेड

आवश्यकता है

उत्तर प्रदेश हेड

निर्भय कुमार मिश्रा 9452127278

उत्तराखण्ड हेड

आवश्यकता है

महाराष्ट्र हेड

आवश्यकता है

गुजरात हेड

आवश्यकता है

आंध्र प्रदेश हेड

आवश्यकता है

राजस्थान हेड

आवश्यकता है

पंजाब हेड

आवश्यकता है

हरियाणा हेड

आवश्यकता है

राजस्थान हेड

आवश्यकता है

उड़ीसा हेड

आवश्यकता है

आसाम हेड

आवश्यकता है

हिमाचल हेड

आवश्यकता है

दिल्ली कार्यालय

केवल सच टाइम्स,
द्विभाषीय मासिक पत्रिका,
द्वारा- संजय कुमार सिन्हा
A-68, 1st Floor,
नागेश्वर तल्ला, शास्त्रीनगर, न्यू
दिल्ली-110052
मो०- 9868700991, 9431073769

पश्चिम बंगाल कार्यालय

केवल सच टाइम्स,
द्विभाषीय मासिक पत्रिका,
द्वारा- अजीत कुमार दुबे
131 चितरंजन एवेन्यू,
कोलकात्ता, पश्चिम बंगाल- 700073
मो०- 9433567880, 9339740757

झारखण्ड कार्यालय

केवल सच टाइम्स,
द्विभाषीय मासिक पत्रिका,
वैष्णवी इंक्लेव, द्वितीय त्तल,
फ्लैट नं- 2बी
नियर- फायरिंग रेंज
बरियातु रोड, राँची- 834001
मो०- 9308815605

मध्यप्रदेश कार्यालय

केवल सच टाइम्स,
द्विभाषीय मासिक पत्रिका,
द्वारा- अभिषेक कुमार पाठक
हाउस नं.-28, हरसिद्धि कैम्पस
खुशीपुर, चांबड़
भोपाल, मध्य प्रदेश- 462010
मो०- 8109932505,

विशेष प्रतिनिधी

भारती मिश्र 8521308428
बेंकटेश कुमार 8210023343

प्रकाशित आलेख पर आप अपना सुझाव एवं प्रतिक्रिया अवश्य दें।

केवल सच टाइम्स

द्विभाषीय मासिक पत्रिका

हमारा पता है

पूर्वी अशोक नगर, रोड नं.-14,
मकान संख्या:- 14/28, कंकड़बाग, पटना-800020 (बिहार)
सम्पर्क करें:- 9431073769, 8340360961

हमारा ई-मेल

editor.kstimes@rediffmail.com
kewalsach_times@rediffmail.com

अगस्त 2024

हिन्दू-मुसलमान

मिश्रा जी,

अगस्त 2024 अंक में केवल सच टाइम्स पत्रिका का संपादकीय ''**हिन्दू-मुसलमान में फंसा हिन्दुस्तान**'' काफी मार्मिक एवं चिन्ताजनक लगा की किस प्रकार देश के भीतर सत्ता प्राप्ति के लिए धार्मिक उन्माद फैलाकर भारत को बांटने की तैयारी कर रहे हैं। 2024 के लोकसभा चुनाव में धार्मिक वातावरण की वजह से 100 करोड़ वाला हिन्दू की राजनीति करने वाला भाजपा सरकार बनाने के लिए 272 का भी आंकड़ा पार नहीं कर सकी जबकि अयोध्या में राम मंदिर का उद्घाटन हो गया। वर्त्तमान समय में बेरोगारी से भी बड़ी समस्या भारत देश में हिन्दू-मुसलमान का बन चुका है।

● **दीपक उपाध्याय, अस्सी घाट, बनारस**

बगावत

संपादक महोदय,

मैं केवल सच टाइम्स पत्रिका का नियमित पाठक हूं और अगस्त 2024 अंक में अमित कुमार की खबर ''**झामुमो में दिखने लगा बगावत**'' ने झारखड की वर्तमान सरकार एवं सोरेन की राजनीतिक पारी पर बेबाक टिप्पणी के साथ खबर को लिखी है। हेंमत सोरेन और चम्पई सोरेन की राजनीतिक हिस्सेदारी पर सटीक विश्लेषण अमित कुमार ने किया है और बताने की कोशिश की है कि इसका भविष्य में क्या परिणाम होगा और इसका लाभ किसको किस रूप में मिलेगा। केवल सच टाइम्स पत्रिका की सभी खबर पठनीय है और ऐसी खबरो को प्राथमिकता से प्रकाशित करें।

● **मनोज उरांव, खेलगांव मोड़, राँची, झा०**

अन्दर के पन्नों में

10

दिल्ली की तीसरी महिला मुख्यमंत्री.....14

25

हत्या फिर बलात्कार

संपादक महोदय,

देश के भीतर महिलाएं काफी असुरक्षित हो चुकी हैं और फांसी की सजा होने के बाद भी रेप के बाद हत्या की घटनाओं पर विराम नहीं लग रहा है। अगस्त अंक 2024 में अमित कुमार की खबर ''**हैवानियत की हदें पार प्रशिक्षु चिकित्सक की हत्या फिर बलात्कार**'' में पश्चिम बंगाल की सरकार एवं कार्रवाई पर सटीक विश्लेषण करते हुए लिखा गया है जो पठनीय है। इस प्रकार की घटना से देश की अस्मिता पर सवाल उठता है जहां नारी को देवी का रूप माना जाता है उसी देश में उसका पहले बलात्कार करके हत्या कर दी जा रही है। विलंब से मिलने वाला न्याय के कारण अपराधी का मनोबल बढ़ता जा रहा है। चिंतनीय खबर लगा।

● **आमोद सक्सेना, बाबू बाजार, कोलकात्ता**

यूक्रेन-रशिया

संपादक महोदय,

पीएम मोदी ने यूक्रेन एवं रूस की यात्रा करके यह साबित कर दिया है कि वर्त्तमान समय में जहां विश्व तृतीय विश्वयुद्ध की भूमिका में है वहीं भारत देश के भीतर धार्मिक उन्माद के बाद भी अन्य देशों की मध्यस्था की स्थिति में है और सभी देश भारत एवं पीएम मोदी का मुरीद होता जा रहा है। केवल सच टाइम्स पत्रिका के अगस्त 2024 अंक की यह खबर वास्तव में भारतवासियों के लिए गर्व करने वाला पल है जहां गोली-बारूद की भाषा को महत्व दिया जा रहा है वहां मोदी का संवाद कितना कारगर साबित हो रहा है। इस अंक का कानूनी सलाह भी पठनीय एवं संग्रहणीय है।

● **मधुसूकदल सहाय, द्वारका, सेक्टर-8, नई दिल्ली**

विरोध

मिश्रा जी,

अगस्त 2024 के केवल सच टाइम्स पत्रिका में प्रकाशित खबर ''unified pension scheme का विरोध क्यों'' में केन्द्र सरकार का विपक्ष विरोध क्यों कर रहा है। मोदी सरकार की यूपीएस स्कीम और एनपीएस स्कीम को लेकर काफी जटिलताएं देखने को मिल रही है जबकि कर्मचारी पुरानी पेंशन की मांग कर रहे हैं लेकिन मोदी की सरकार पुरानी पेंशन को लागू करने के बजाय यूपीएस स्कीम को लागू करके एनपीएस से ज्यादा लाभकारी साबित होगा की बात को बताया जा रहा है। अब कर्मचारियों को सोचना है की वह किसी स्कीम में रहेंगे। खबर पठनीय है लेकिन सरकार का यह प्रयास कर्मचारी हित में नहीं दिखता।

● **प्रेमशंकर बरूआ, टावर चौक, भागलपुर**

बस दुर्घटना

ब्रजेश जी,

केवल सच टाइम्स पत्रिका देश-विदेश की खबरों को भी प्राथमिकता से स्थान देता है और अगस्त अंक में नेपाल में हुए बस दुर्घटना में 17 लोगों की मौत की खबर को पूरी गंभीरता के साथ प्रकाशित किया है। 17 भारतीय नागरिक की इस दुखद घटना को पीएम मोदी ने भी दुख व्यक्त किया है और उनके परिजन के साथ सरकार खड़ी है का भरोसा दिलाया है। केवल सच टाइम्स पत्रिका सभी विषयों को केन्द्रीत करके खबर बनाती है जिसकी वजह से इसके पाठक सभी वर्ग के लोग है। केवल सच टाइम्स पत्रिका का पृष्ठ रंगीन हो जाये तो इसकी सजावट भी काफी आकर्षक लगेगा। मुझ यह पत्रिका बहुत अच्छा लगा है।

● **मोहित मेहता, सक्टर-6, बोकारो, झारखंड**

32

श्री चन्द्र प्रकाश सिंह

प्रधान संरक्षक सह प्रबंध संपादक
'केवल सच' पत्रिका **एवं 'केवल सच टाइम्स'**
राष्ट्रीय संगठन मंत्री, राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस (इंटक)
पूर्व निदेशक सदस्य, ओरियेंटल बैंक ऑफ कॉमर्स
09431016951, 09334110654

डॉ. सुनील कुमार

शिशु रोग विशेषज्ञ सह मुख्य संरक्षक
'केवल सच' पत्रिका
एवं 'केवल सच टाइम्स'
एन.सी.- 115, एसबीआई ऑफिसर्स कॉलोनी,
लोहिया नगर, कंकड़बाग, पटना- 800020
फोन- 0612/3504251



श्री सज्जन कुमार सुरेका

मुख्य संरक्षक
'केवल सच' पत्रिका **एवं 'केवल सच टाइम्स'**
डी- 402 राजेन्द्र विहार, फॉरेस्ट पार्क
भुवनेश्वर- 751009 मो-09437029875

सुधीर कुमार

मुख्य संरक्षक सह निदेशक ''**मगध इंटरनेशनल स्कूल**'' टेकारी
'' **केवल सच** '' पत्रिका **एवं** '' **केवल सच टाइम्स** ''
9060148110
sudhir4s14@gmail.com

कैलाश कुमार मौर्य

मुख्य संरक्षक
'केवल सच' पत्रिका **एवं 'केवल सच टाइम्स'**
व्यवसायी
पटना, बिहार
7360955555

एक नजर



संपादकीय व प्रधान कार्यालय:-

- पूर्वी अशोक नगर, रोड नं:-14, मकान संख्या:- 28/14, कंकड़बाग, पटना-800020 (बिहार)
  e-mail:- kewalsach@gmail.com,
  editor.kstimes@rediffmail.com
  kewalsach_times@rediffmail.com
- स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक ब्रजेश मिश्र द्वारा जय हिन्द प्रेस कंकड़बाग पटना-800020 से मुद्रित एवं पूर्वी अशोक नगर, रोड नं. 14, कंकड़बाग पटना-800020 से प्रकाशित, संपादक- ब्रजेश मिश्र। **RNI NO.- BIHBIL/2011/49252**
- पत्रिका में प्रकाशित समाचारों से संपादक की सहमति आवश्यक नहीं है।
- सभी प्रकार के वाद - विवादों का निपटारा पटना न्यायालय के अधीन होगा।
- आलेख पर किसी को कोई आपत्ति हो तो एक महीने के भीतर खंडन करें।
- किसी भी लेख के लिए रचनाकार/लेखक स्वयं जिम्मेवार होंगे।
- सभी पद अवैतनिक हैं।
- विज्ञापन की सत्यता की जाँच आप अपने स्तर पर कर लें।
- फोटो-समाचार साभार भी (माध्यम- इंटरनेट एवं अन्य स्त्रोत)
- कोई भी शिकायत हमारे पते पर लिखकर भेजें।
- **विज्ञापन का भुगतान चेक या ड्राफ्ट एवं RTGS से ही मान्य होगा।**
- भुगतान BRAJESH MISHRA को ही करें। किसी प्रतिनिधि को नगद न दें।

A/C No.	:-	20001817444
BANK	:-	State Bank Of India
IFSC Code	:-	SBIN0003564
PAN No.	:-	AKKPM4905A

Contributions/Donations are Invited for the Welfare of Elders/Sr. Citizens for the establishment of
"APNA GHAR" A home for Sr. Citizens of Bihar & Jharkhand Proposed to be Constructed
Under the ageas of " KEWAL SACH SAMAJIK SANSTHAN".
KEWAL SACH SAMAJIK SANSTHAN
Registered Under the Indian Society Act 21, 1880
East Ashok Nagar, Road No.-14,
Kankarbagh, Patna - 800020
Contact No. :- 09431073769, 9955077308, 9308727077
E-mail :- kewalsachsamajiksansthan33@gmail.com
Reg. No. : 1141 (2009-10), Income Tax No. :12AA/2505-8 | 80 जी (5)/तक०/2013-14/1060-63
APNA GHAR
Now in the State of Bihar & Jharkhand
Help the helpless Elders/Sr. Citizen. For which your
Contribution and Donation are essential.
Your Coopertation in this direction can make a diffrence
in the lives of many Sr. Citizens.
KEWAL SACH SAMAJIK SANSTHAN
A/C No. - 0600010202404
Bank Name - United Bank of India
IFSC Code - UTBIOKKB463
Pan No. - AAAAK9339D

भाजपा का राष्ट्रीय अध्यक्ष कौन?

● विकास सिंह

विश्व की सबसे बड़ी पार्टी का दावा करने वाली भारतीय जनता पार्टी लोकसभा चुनाव के बाद एक बार फिर अपने संगठन को मजबूत करने में जुटी हुई है। भाजपा इस वक्त पूरे देश में सदस्यता अभियान चला रही है। भाजपा ने सदस्यता अभियान में इस बार 10 करोड़ लोगों को पार्टी से जोड़ने का लक्ष्य रखा है। 2 सितंबर को भाजपा सदस्यता अभियान की शुरुआत पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भाजपा का सदस्य बनाकर की। इस मौके पर ही पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने संगठन चुनाव का एलान करते हुए कहा कि सदस्यता अभियान के बाद पार्टी संविधान के मुताबिक राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव होगा।

☞ **राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव कब?**-भाजपा का सदस्यता अभियान तीन चरणों में चल रहा है। प्राथमिक सदस्य बनाने हेतु सदस्य अभियान का पहला चरण 2 से 25 सितंबर तक और दूसरा चरण 1 से 15 अक्टूबर तक चलाया जाएगा। सदस्यता अभियान का पहला चरण 25 सितंबर को पूरा हो रहा है। वहीं भाजपा सक्रिय सदस्य बनने के लिए 16 से 31 अक्टूबर तक सक्रिय सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। सदस्यता अभियान पूरा होने के बाद 1 नवंबर से 15 नवंबर तक भाजपा मंडल अध्यक्षों के चुनाव होंगे। इसके बाद 16 नवंबर से 30 नवंबर तक जिला अध्यक्ष का चुनाव होगा। मंडल और जिला अध्यक्ष चुनाव के बाद राज्य परिषद और केंद्रीय परिषद के सदस्यों का चुनाव किया जाएगा। इसके बाद एक दिसंबर से प्रदेश अध्यक्षों के चयन की प्रक्रिया शुरू होगी और 50 फीसदी राज्यों में चुनाव संपन्न होते ही राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव की आधिकारिक प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। भारतीय जनता पार्टी के संविधान के मुताबिक कम से कम 50 प्रतिशत राज्यों में संगठन का चुनाव होने के बाद ही राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव किया जा सकता है। ऐसे में दिसंबर को भाजपा के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव होना तय माना जा रहा है।

☞ **जेपी नड्डा के बाद कौन बनेगा राष्ट्रीय अध्यक्ष?**- भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के मोदी 3.0 सरकार में कैबिनेट मंत्री बनने के बाद अब भाजपा का अगला राष्ट्रीय अध्यक्ष कौन होगा, इस पर चर्चा तेज हो गई है। भाजपा की 'एक व्यक्ति, एक पद' की नीति के अनुसार अब जेपी नड्डा की जगह नया राष्ट्रीय अध्यक्ष बनना तय है। जून 2019 में जेपी नड्डा को भाजपा का कार्यकारी अध्यक्ष और जनवरी 2020 में पूर्णकालिक अध्यक्ष बनाया गया। जेपी नड्डा का बतौर भाजपा अध्यक्ष का कार्यकाल फरवरी में पूरा हो चुका था लेकिन लोकसभा चुनाव को देखते हुए उन्हें अध्यक्षीय कार्यकाल का एक्सटेंशन दिया गया था और 30 जून को उनका कार्यकाल पूरा हो गया है। ऐसे में अब भाजपा के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष के नाम को लेकर अटकलों का दौर तेज हो गया। भाजपा का नया राष्ट्रीय अध्यक्ष कौन होगा इसको लेकर अटकलें लगाई जाने लगी है। लोकसभा चुनाव में पार्टी ने जिस तरह से प्रदर्शन किया है उसने नए राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव भाजपा के लिए आसान नहीं होने वाला है। लोकसभा चुनाव में भाजपा का उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्यों में प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है। वहीं लोकसभा चुनाव के बाद जम्मू कश्मीर और हरियाणा में विधानसभा चुनाव चल रहे है जिसके परिणाम भी भाजपा की अंदरूनी सियासत

पर बहुत कुछ असर डालेंगे, ऐसे में भाजपा का राष्ट्रीय अध्यक्ष कौन होगा इस पर निगाहें लगी है। दिग्गजों के मोदी सरकार में मंत्री बनने के बाद बढ़ा संशय-भाजपा के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष के दौड़ में शामिल भाजपा के कई दिग्गजों के मोदी सरकार में मंत्री पद की शपथ लेने के बाद नए अध्यक्ष के नाम को लेकर संशय बढ़ गया है। मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का नाम भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के नाम में काफी आगे था लेकिन वह मोदी सरकार में कृषि जैसे अहम विभाग का कामकाज संभाल रहे है। वहीं वहीं हरियाणा के के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर और भूपेंद्र यादव का नाम भी अध्यक्ष पद की रेस में था लेकिन वह भी मोदी 3.0 सरकार में मंत्री बन गए। ऐसे में भाजपा का राष्ट्रीय अध्यक्ष कौन होगा यह बड़ा सवाल है। भाजपा



का नया राष्ट्रीय अध्यक्ष उत्तर भारत से होगा या दक्षिण भारत से यह भी बड़ा सवाल है। वहीं क्या भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव करते समय लोकसभा चुनाव का भी मूल्याकंन करेगी और नया राष्ट्रीय अध्यक्ष उत्तर प्रदेश जैसे राज्य से आ सकता है जहां 2027 के शुरुआती चुनाव होना है।

☞ **संघ के पंसद वाले इन चेहरों में से बनेगा राष्ट्रीय अध्यक्ष?**-भाजपा का नया राष्ट्रीय अध्यक्ष संघ की पंसद का नेता होगा। लोकसभा चुनाव में संघ और भाजपा में जिस तरह की दूरियां दिखाई दी और उसका नुकसान पार्टी को देश के सबसे बड़े राज्य में उठाना पड़ा। सियासत के जानकार बताते है कि संघ का कार्यकर्ता उत्तर प्रदेश जैसे राज्य में घर बैठ गया जिसका नुकसान भाजपा को उठाना पड़ा और वह राज्य में दूसरे नंबर की पार्टी बन गई। ऐसे में



भाजपा अध्यक्ष के लिए संजय जोशी के नाम के मायने

● वृजेन्द्र सिंह झाला

लंबे समय राजनीतिक वनवास भोग रहे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्णकालिक प्रचारक संजय जोशी का नाम अचानक भाजपा अध्यक्ष पद के लिए उभरकर आया है। यह एक संयोग है या फिर किसी खास रणनीति का हिस्सा, इस पर फिलहाल अटकलें ही चल रही हैं। लेकिन, भाजपा की वर्तमान राजनीति में यह नाम निश्चित ही चौंकाने वाला है। ऐसा नहीं है कि जोशी इस पद के योग्य नहीं है, उनकी गिनती कुशल संगठकों में होती हैं। यह भी ध्यान रखने वाली बात है कि वर्तमान भाजपा में जिन नेताओं का दबदबा है, जोशी की उनके साथ बिलकुल भी पटरी नहीं बैठती। जोशी के बारे में कभी उनके सहयोगी रहे गोरधन झड़ाफिया ने कहा था- 'अपार क्षमता वाले एक मूक कार्यकर्ता हैं और पार्टी कार्यकर्ताओं में लोकप्रिय हैं'।

☞ **भाजपा को बहुत अच्छे से समझते हैं जोशी :-** मैकेनिकल इंजीनियर की डिग्री वाले 62 वर्षीय संजय जोशी भाजपा के 'मैकेनिज्म' को भी बखूबी समझते हैं। वे संघ के पूर्वकालिक प्रचारक हैं। 1989-90 में संजय जोशी को आरएसएस ने संगठन को मजबूत करने के लिए गुजरात भेजा था। उस समय उन्हें संगठन मंत्री का पद दिया गया था, जबकि नरेन्द्र मोदी संगठन मंत्री के रूप पहले से ही काम कर रहे थे। दोनों ने ही मिलकर पार्टी को मजबूत किया और 1995 में भाजपा ने पहली बार गुजरात में सरकार बनाई। उस समय मुख्यमंत्री पद के लिए मोदी और जोशी का नाम भी चला था, लेकिन दावेदारी में दोनों पिछड़ गए। तब केशुभाई पटेल और शंकर सिंह वाघेला के नाम मुख्यमंत्री के दावेदार के रूप में उभरे थे। मोदी और जोशी ने केशुभाई का साथ दिया था। लेकिन, दो की लड़ाई में तीसरे को फायदा मिला और सुरेश भाई मेहता मुख्यमंत्री पद पाने में सफल रहे। इसी बीच मोदी को दिल्ली भेज दिया गया और जोशी संगठन महामंत्री बन गए। इसके साथ ही गुजरात में उनका दबदबा भी बढ़ गया।

☞ **...और दोनों के बीच दूरियां बढ़ीं :-** गुजरात में 1998 में भाजपा एक बार फिर सत्ता में आई। कहा जाता है कि मोदी उस समय गुजरात आना चाहते थे, लेकिन जोशी के कारण ऐसा नहीं हो सका। इसी के बाद दोनों के बीच की दूरियां बढ़ गई। केशुभाई फिर राज्य के सीएम बने। 2001 में राजनीतिक समीकरण बदले और मोदी की गुजरात में वापसी हुई और वे मुख्यमंत्री पद पर आसीन हो गए। कहा जाता है कि मोदी ने गुजरात लौटने के बाद संजय जोशी को दिल्ली रवाना करवा दिया। हालांकि उन्हें राष्ट्रीय महासचिव बनाया गया। 2001 से 2005 के कार्यकाल में जोशी ने हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, झारखंड, जम्मू और कश्मीर, बिहार, पश्चिम बंगाल, उड़ीसा और मध्य प्रदेश में भाजपा को मजबूत करने का काम किया। सीडी विवाद के बाद जोशी नैपथ्य में चले गए।

☞ **संघ के करीब हैं जोशी :-** जोशी और मोदी के संबंधों की खटास किसी से भी छिपी नहीं है, लेकिन जोशी कई मौकों पर मोदी की तारीफ कर चुके हैं। नागपुर में जन्मे संजय जोशी संघ के काफी करीब हैं। वे पूर्णकालिक प्रचारक के तौर पर संघ में सक्रिय भी हैं। जेपी नड्डा के बयान कि भाजपा अब बड़ी हो गई है, उसे संघ की जरूरत नहीं है, इस बयान को लेकर संघ में नाराजगी है। संघ भी चाहता है कि अध्यक्ष पद पर संघ के प्रति समर्पित कोई व्यक्ति बैठे। यदि जोशी इस पद पर बैठते हैं तो संघ सरकार पर भी शिकंजा कस पाएगा। हालांकि यह भी सही है कि जोशी की भाजपा में वापसी आसान नहीं होगी।

अब भाजपा के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष के सामने सबसे बड़ी चुनौती संघ को साधने की होगी। ऐसे में बहुत संभावना है कि भाजपा का नया राष्ट्रीय अध्यक्ष संघ की पसंद का ही नेता होगा। संघ के प्रमुख चेहरों में ये नाम हो सकते हैं :-

☞ **सुनील बंसल**-लोकसभा चुनाव में भाजपा उत्तर प्रदेश में दूसरे नंबर की पार्टी बन गई है ऐसे में अब भाजपा का पूरा उत्तर प्रदेश में है। सदस्यता अभियान में उत्तर प्रदेश अब तक एक करोड़ से अधिक सदस्य बनाकर सबसे उपर है। ऐसे में उत्तर प्रदेश में पार्टी को मजबूती देने के लिए उत्तर प्रदेश के प्रभारी रह चुके सुनील बंसल को पार्टी बड़ी जिम्मेदारी दे सकती है। संघ के करीबियों में गिने जाने वाले सुनील बंसल को उत्तर प्रदेश के बाद पश्चिम बंगाल, ओडिशा, तेलंगाना का प्रभारी बनाया गया था। ओडिशा में पार्टी ने 24 साल से सत्ता में काबिज बीजेडी को सत्ता से बेदखल कर पहली बार सरकार बनाने जा रही है। वहीं लोकसभा चुनाव के दौरान सुनील बंसल ने देश भर में कॉल सेंटरों को भी संभाला, फीडबैक एकत्र किया और जमीन पर पार्टी कार्यकर्ताओं को प्रेरित किया।

☞ **केशव प्रसाद मौर्य**-वहीं उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनाव में जिस

सुनील बंसल


केशव प्रसाद मौर्य


वीडी शर्मा

विनोद तावड़े

तरह से ओबीसी वोटर्स भाजपा से छिटक गया है, उसको देखते हुए भाजपा केशव प्रसाद मौर्य जैसे ओबीसी चेहरों को भी बड़ी जिम्मेदारी दे सकती है। केशव प्रसाद मौर्य की गिनती भी संघ के करीबी नेताओं में होती है और 2017 में उत्तर प्रदेश में पार्टी की अगुवाई करते हुए उन्होंने अपनी संगठनात्मक क्षमता का परिचय दिया था और पार्टी को प्रचंड बहुमत के साथ सत्ता में लाए थे।

☞ **वीडी शर्मा**-भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष की दौड़ में मध्य प्रदेश भाजपा की कमान संभाल रहे वीडी शर्मा का नाम भी है। लोकसभा चुनाव के दौरान खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडी शर्मा के संगठन क्षमता की तारीफ की थी। वीडी शर्मा के नेतृत्व में जिस तरह से मध्यप्रदेश भाजपा ने 64 हजार से अधिक बूथ पर पार्टी का मजबूत नेटवर्क किया और बूथों का डिजिटाइलजेशन किया उस मॉडल को देश के अन्य राज्यों में भाजपा ने लागू किया, वह वीडी शर्मा की संगठनात्मक क्षमता को दिखता है। इसके साथ ही वीडी शर्मा के पक्ष में सबसे मजबूत पहलू उनको संघ का समर्थन हासिल होना है।

☞ **विनोद तावड़े**-वहीं भाजपा का नया राष्ट्रीय अध्यक्ष चुनावी राज्य महाराष्ट्र से भी आ सकता है। महाराष्ट्र में इस साल के आखिरी में विधानसभा चुनाव होने है और लोकसभा चुनाव में महाराष्ट्र भाजपा की सीटें काफी कम हो गई है। ऐसे में महाराष्ट्र को अब काफी तवज्जो दी जाने लगी है। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े जो महाराष्ट्र से आते हैं उनका नाम भी राष्ट्रीय अध्यक्ष के दौड़ में है। विनोद तांवड़े ओबीसी समाज से आते हैं, जो वर्तमान में बिहार के प्रभारी महासचिव हैं। लोकसभा चुनाव में पार्टी ने उन्हें कई जिम्मेदारियां सौंपी थी, जिसका नतीजा ये निकला कि भाजपा बिहार में अच्छा प्रदर्शन करने में कामयाब रही। ऐसे में जब अगले साल बिहार में विधानसभा चुनाव होने है तो पार्टी उन्हें जिम्मेदारी दे सकती है।

☞ **अनुराग ठाकुर**-भाजपा अध्यक्ष की दौड़ में पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर का नाम भी शामिल है। हिमाचल से आने वाले अनुराग ठाकुर को मोदी 3.0 सरकार में जब मंत्री नहीं बनाया गया तब से उनके राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाए जाने के कयास लगाए जा रहे है। अनुराग ठाकुर भाजपा युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रह चुके है और मोदी 2.0 सरकार में वह अहम विभागों की जिम्मेदारी संभाल चुके है।

☞ **बीएल संतोष**-भाजपा के संगठन महासचिव बीएल संतोष का नाम भी राष्ट्रीय अध्यक्ष की दौड़ मे है। बीएल संतोष आरएसएस के बड़े प्रचारक भी रह चुके हैं और संगठन महासचिव के तौर पर उनकी पार्टी पर तगड़ी पकड़ है। बीएल संतोष को परदे के पीछे रणनीति बनाने में माहिर माना जाता है और अगर भाजपा दक्षिण भारत से किसी चेहरे को आगे करती है तो उसमें बीएल संतोष का नाम सबसे आगे होगा।

☞ **के. लक्ष्मण**-दक्षिण के राज्य तेलंगाना के पूर्व भाजपा अध्यक्ष और वर्तमान में पार्टी के ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के. लक्ष्मण भी अध्यक्ष की दौड़ में शामिल है। भाजपा उन्हें राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाकर दक्षिण के राज्यों में ओबीसी वोट बैंक को साध सकती है। आंध्र प्रदेश में इस बार बीजेपी गठबंधन की सरकार में सहयोगी है, ऐसे में अब पार्टी की नजर तेलंगाना पर भी होगी।

☞ **संजय जोशी**- वहीं भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव का वक्त जैसे-जैसे करीब आता जा रहा है वैसे-वैसे नए नाम भी सामने आते जा रहे है। अध्यक्ष की रेस में पिछले दिनों में आरएसएस प्रचारक संजय जोशी का नाम भी तेजी से सामने आया है। संजय जोशी ने भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) के तौर पर पर पार्टी को काफी मजबूत किया था। 2001 से 2005 के कार्यकाल में उन्होंने भाजपा को मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ के साथ हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, झारखंड, जम्मू और कश्मीर, बिहार, पश्चिम बंगाल, उड़ीसा में मजबूत किया। हलांकि संजय जोशी का नाम कथित सीडी विवाद में आने के बाद उनको पार्टी से किनारे कर दिया था, वहीं भाजपा में मोदी-शाह युग की शुरुआत के बाद संजय जोशी अलग-थलग पड़ गए थे। हालांकि संजय जोशी के समर्थन में संघ पहले की तरह अब भी पूरी मजबूती के साथ खड़ा है।


बीएल संतोष


के. लक्ष्मण

अनुराग ठाकुर


संजय जोशी

अतिशी

दिल्ली की तीसरी महिला मुख्यमंत्री

● अमित कुमार

आबकारी घोटाले में लंबे समय से तिहाड़ जेल में बंद दिल्ली के (तत्कालिन) मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के साथ ही डिप्टी सीएम रहे मनीष सिसोदिया जेल से बाहर आ गये। बाहर आने के बाद केजरीवाल के तेवर बदले-बदले थे और उन्होंने एक बड़ा फैसला ले लिया।

बता दें कि दिल्ली के (तत्कालिन) मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि वह दो दिन बाद अपने पद से इस्तीफा दे देंगे और दिल्ली में समय पूर्व चुनाव कराने की मांग करेंगे। केजरीवाल के इस्तीफे के ऐलान के बाद सवाल उठने लगे कि दिल्ली में विधानसभा चुनाव कब होंगे? केजरीवाल ने आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि अगर आपको लगता है कि मैं ईमानदार हूं, तो मुझे बड़ी संख्या में वोट दें। मैं अब चुने जाने के बाद ही मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठूंगा। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि वे 2 दिन बाद मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे देंगे। उन्होंने कहा कि मैं आपकी अदालत में आया हूं। अगर आपको लगता है कि मैं ईमानदार हूं तो मुझे वोट देना, अगर आपको लगता है कि मैं बेईमान हूं

भ्रष्टाचार मामले में तिहाड़ जेल से जमानत पर रिहा हुए केजरीवाल ने कहा कि मैं मुख्यमंत्री की कुर्सी पर तभी बैठूंगा, जब लोग मुझे ईमानदारी का प्रमाण पत्र देंगे। जेल से बाहर आने के बाद अग्निपरीक्षा देना चाहता हूं। मैं मुख्यमंत्री और सिसोदिया उपमुख्यमंत्री तभी बनेंगे, जब लोग कहेंगे कि हम ईमानदार हैं। चुनाव फरवरी में होने हैं। मेरी मांग है कि नवंबर में महाराष्ट्र चुनाव के साथ ही दिल्ली में चुनाव कराए जाएं।

बहरहाल, केजरीवाल ने उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना को अपना इस्तीफा सौंप दिया। इसके बाद आम आदमी पार्टी द्वारा उनकी उत्तराधिकारी आतिशी नामित होने के बाद उन्होंने नई सरकार बनाने का अपना दावा पेश किया। बता दे कि केजरीवाल अपने कैबिनेट सहयोगियों के साथ उपराज्यपाल सचिवालय पहुंचे। उन्होंने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने की घोषणा की थी। बैठक के बाद आतिशी ने कहा कि हमने नई सरकार बनाने का दावा पेश कर दिया है। मैं दिल्ली के लोगों के हितों की रक्षा करूंगी। दूसरी तरफ मुख्यमंत्री नामित की गई आतिशी ने दावा किया कि केजरीवाल पर झूठे आरोप लगाए गए हैं और केंद्र सरकार की जांच एजेंसियां उन्हें निशाना बना रही हैं। उन्होंने कहा कि उच्चतम न्यायालय ने न केवल उन्हें जमानत दे दी, बल्कि केंद्र और उसकी जांच एजेंसियों के खिलाफ कठोर टिप्पणी भी की और उन्हें 'पिंजरे में बंद तोता' बताया। आतिशी ने कहा कि कोई और नेता होता, तो वह मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बना रहता, लेकिन केजरीवाल ने जनता की अदालत में जाने का फैसला किया और इस्तीफा दे दिया। यह हमारे लिए दुख की बात है। उन्होंने कहा कि जनता ने जल्द ही होने वाले दिल्ली विधानसभा चुनाव में अरविंद केजरीवाल को फिर से मुख्यमंत्री चुनने का संकल्प लिया है। इससे पहले, आतिशी को आप विधायक दल की बैठक में केजरीवाल का

उत्तराधिकारी चुना गया। अरविन्द केजरीवाल सरकार में सबसे ज्यादा विभागों वाली मंत्री रहीं आतिशी ने दिल्ली के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। आतिशी, शीला दीक्षित और सुषमा स्वराज के बाद दिल्ली की तीसरी महिला मुख्यमंत्री होंगी। उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना ने आतिशी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। नए मंत्रिमंडल में कैलाश गहलोत, सौरभ भारद्वाज, गोपाल राय, इमरान हुसैन और मुकेश अहलवात ने मंत्री पद की शपथ ली। अहलावत के रूप में नए चेहरे को मंत्रिमंडल में शामिल किया गया है। दलित समुदाय से आने वाले मुकेश अहलावत दिल्ली की सुल्तानपुर माजरा सीट से विधायक हैं। शपथ लेने के बाद आतिशी ने केजरीवाल का पांव छूकर आशीर्वाद लिया। शपथ ग्रहण से पहले आतिशी और उनके मंत्रिमंडल में हिस्सा बनने वाले नेताओं ने यहां आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से भेंट की। आतिशी, आप नेताओं गोपाल राय, कैलाश गहलोत शपथ ग्रहण से पूर्व यहां सिविल लाइंस में केजरीवाल के निवास पर पहुंचे थे।

गौरतलब है कि आतिशी इस शीर्ष पद पर पहुंचने वाली सभी तीन महिलाओं में सबसे कम उम्र की हैं। वह स्वतंत्र भारत में मुख्यमंत्री के पद पर आसीन होने वाली 17वीं महिला मुख्यमंत्री भी बन गई हैं। वैसे वरिष्ठ आप नेता आतिशी का मुख्यमंत्री के रूप में संक्षिप्त कार्यकाल होगा, क्योंकि राष्ट्रीय राजधानी में विधानसभा चुनाव फरवरी में होने वाले हैं। पहली बार की विधायक आतिशी पार्टी का एक बड़ा चेहरा हैं और उन्होंने आबकारी नीति मामले के सिलसिले में अरविंद केजरीवाल के तिहाड़ जेल में रहने के दौरान आप का कामकाज संभाला। केजरीवाल ने कालकाजी से विधायक आतिशी का नाम मुख्यमंत्री पद के लिए प्रस्तावित किया था। उससे पहले केजरीवाल ने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दिया था। भाजपा की सुषमा स्वराज और कांग्रेस की शीला दीक्षित के बाद आतिशी दिल्ली की तीसरी महिला मुख्यमंत्री बनी हैं। वह दिल्ली की सबसे कम उम्र की मुख्यमंत्री हैं। दीक्षित ने जब मुख्यमंत्री का पदभार संभाला था तब वह 60 साल की थीं। सुषमा स्वराज दिल्ली की मुख्यमंत्री बनने के समय 46 साल की थीं। वैसे आतिशी फिलहाल देश में दूसरी महिला मुख्यमंत्री हैं। पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी मुख्यमंत्री हैं। सनद् रहे कि दिल्ली की नवनियुक्त मुख्यमंत्री आतिशी ने अपना पदभार ग्रहण कर लिया। उनके कार्यभार संभालने का सबसे आश्चर्यजनक पहलू यह रहा कि उन्होंने बैठने के लिए नई कुर्सी चुनीं। वे अरविन्द केजरीवाल की कुर्सी पर नहीं बैठेंगी। उस कुर्सी को उन्होंने केजरीवाल के लिए खाली रखा है। उन्होंने कहा कि मैं दिल्ली के मुख्यमंत्री के रूप में चार महीने तक उसी तरह काम करूंगी, जैसे भरत ने भगवान राम की 'खड़ाऊ' को सिंहासन पर रखकर काम किया था। उन्होंने कहा कि उम्मीद है कि दिल्ली के लोग फरवरी में प्रस्तावित चुनाव में अरविंद केजरीवाल को वापस लेकर आएंगे, तब तक मुख्यमंत्री कार्यालय में उनकी कुर्सी रखी रहेगी। मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा कि अरविन्द केजरीवाल ने राजनीति में गरिमा और नैतिकता की मिसाल कायम की है, भाजपा ने उनकी छवि बिगाड़ने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी है। उन्होंने कहा कि खाली कुर्सी को केजरीवाल का इंतजार रहेगा। विधानसभा चुनाव के बाद वे एक बार फिर इस कुर्सी पर बैठेंगे। आगामी चुनाव तक मुख्यमंत्री कार्यालय में केजरीवाल की कुर्सी रखी रहेगी।

एमसीडी स्टैंडिंग कमेटी चुनाव को लेकर मचा बवाल

● संजय सिन्हा

एक बार फिर आम आदमी पार्टी और उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना के बीच एमसीडी स्टैंडिंग कमेटी चुनाव को लेकर विवाद खड़ा हो गया और आम आदमी पार्टी ने इसका विरोध करते हुए बहिष्कार कर दिया। उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के आयुक्त को एमसीडी स्टैंडिंग कमेटी की एक रिक्त सीट पर चुनाव करवाने के निर्देश दिए थे। इस बीच आम आदमी पार्टी ने चुनाव को अवैध बताते हुए इसका बहिष्कार करने का एलान किया। वरिष्ठ आप नेता और दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया ने कहा कि राज्यपाल को नहीं, केवल महापौर को एमसीडी की बैठक बुलाने का अधिकारी है। पार्टी एमसीडी स्टैंडिंग कमेटी के चुनाव में हिस्सा नहीं लेगी। दिल्ली की मेयर शैली ओबेरॉय ने भी कहा कि कल रात को उपराज्यपाल के निर्देश पर कमिश्नर द्वारा एक आदेश जारी किया गया कि स्थायी समिति के 6वें सदस्य का चुनाव होगा। वह आदेश पूरी तरह से अवैध है। डीएमसी एक्ट की धज्जियां उड़ाई गई हैं। उपराज्यपाल के पास किसी भी प्रकार की शक्ति नहीं है कि वे हाउस की मीटिंग में हस्तक्षेप कर पाएं। वही भाजपा ने भी चुनाव प्रक्रिया में खलल डाली थी। मजबूरन सदन 5 तारीख तक स्थगित करना पड़ा। उन्होंने कहा कि अगर हम कानून की बात करें तो वैध चुनाव 5 अक्टूबर को ही होंगे। मेयर होने के नाते मेरी जिम्मेदारी बनती है कि चुनाव स्वतंत्र और निष्पक्ष रूप से हों। भाजपा को समझना होगा कि नगर निगम में इस तरह की तानाशाही नहीं चलेगी। भाजपा की क्या मंशा है कि रातों-रात चुनाव करवाने की कोशिश की गई? इससे पहले इस पूरे मामले में दिनभर नाटकीय घटनाक्रम रहा जिसमें महापौर शैली ओबेरॉय ने 5 अक्टूबर तक के लिए चुनाव स्थगित कर दिया था, जबकि बाद में उपराज्यपाल ने महापौर का फैसला पलट दिया था। निगम आयुक्त अश्विनी कुमार ने जारी एक आदेश में कहा कि उपराज्यपाल ने स्थायी समिति के एक सदस्य का चुनाव कराने का निर्देश दिया है। आदेश के अनुसार समिति की छठी सीट का चुनाव कराने के लिए अतिरिक्त निगम आयुक्त जितेंद्र यादव को एमसीडी की सदन की बैठक का पीठासीन अधिकारी नियुक्त किया गया है। यह सीट भाजपा नेता कमलजीत सहरावत के पश्चिम दिल्ली सीट से लोकसभा सदस्य निर्वाचित होने के बाद खाली हो गई थी।

बहरहाल,

दिल्ली नगर निगम की स्थायी समिति की एक खाली सीट के लिए होने वाले चुनाव से महज एक घंटा पहले महापौर शैली ओबेरॉय ने एमसीडी आयुक्त अश्विनी कुमार को इसे स्थगित करने का निर्देश दिया ताकि पूर्व के निर्देशों के अनुसार पांच अक्टूबर को चुनाव कराया जा सके। पार्षदों की तलाशी को लेकर हुए व्यवधान के बाद महापौर शैली ओबेरॉय ने एमसीडी स्थायी समिति के चुनाव को 5 अक्टूबर तक के लिए स्थगित कर दिया था। हालांकि, बाद में उपराज्यपाल वी. के. सक्सेना ने चुनाव स्थगित करने के फैसले को पलट दिया और एमसीडी आयुक्त अश्विनी कुमार को चुनाव कराने का निर्देश दिया। ओबेरॉय ने एक पत्र में आयुक्त से 5 अक्टूबर को स्थायी समिति के चुनाव में कानून का उचित अनुपालन सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने आयुक्त से होने वाले चुनाव को अवैध और गैरकानूनी घोषित करने को भी कहा। ओबेरॉय ने आयुक्त को लिखे पत्र में लिखा कि यह आदेश अवैध, असंवैधानिक है क्योंकि यह दिल्ली नगर निगम (डीएमसी) अधिनियम और दिल्ली नगर निगम (कार्य संचालन और संचालन) विनियम, 1958 की सांविधिक योजना का घोर उल्लंघन है। साथ ही यह निष्पक्ष लोकतांत्रिक प्रक्रिया की कसौटी के भी विपरीत है। उन्होंने कहा कि कई पार्षदों ने उन्हें बताया था कि सदन के स्थगित होने के बाद वे शहर से बाहर हैं। उन्होंने कहा कि आपका आदेश 26/09/2024 को रात 11 बजे जारी किया गया और इतने कम समय में पार्षदों के पास उक्त बैठक में पहुंचने के लिए पर्याप्त समय नहीं था। उन्होंने लिखा कि यहां तक कि कई पार्षदों को 27/09/2024 को सुबह 10 बजे तक बैठक की सूचना नहीं मिली। इसलिए, उनसे इतने कम समय में बैठक में उपस्थित होने की अपेक्षा करना न केवल जन प्रतिनिधि के रूप में उनके चुनावी अधिकारों का उल्लंघन है, बल्कि निष्पक्ष लोकतांत्रिक प्रक्रिया और प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों का भी उल्लंघन है। आयुक्त के आदेश को घोषित करते हुए ओबेरॉय ने महापौर के रूप में बैठकें स्थगित करने के अपने अधिकार को दोहराया।

'Another proof of the jungle raj': Congress cries injustice, blames NDA for torching of Bihar Dalit colony

